जब लाल तुम्हारा हूं तो और कहां जाऊंगा

जब लाल तुम्हारा हु तो और कहाँ जाऊंगा,
चरणों मे जगह दे दे वरना गोदी चढ़ जाऊंगा।

हारे का सहारा श्याम श्याम,
कश्ती का किनारा श्याम श्याम,
पत राखनहारा श्याम श्याम,
भवसागर तारा श्याम श्याम,
तू जगत पिता तेरी छाया में मैं पल जाऊंगा,
चरणों मे जगह दे दे वरना, गोदी चढ़ जाऊंगा।

करु तेरा पूजन श्याम श्याम,
नित तेरा वंदन श्याम श्याम,
तुझे रोज मनाऊ श्याम श्याम,
नित भोग लगाऊँ श्याम श्याम,
चरणों मे जगह दे दे वरना गोदी चढ़ जाऊंगा।

तेरा रूप सलोना श्याम श्याम,
लागे मन को मोहना श्याम श्याम,
लट घूंघर वाली श्याम श्याम,
छवि तेरी निराली श्याम श्याम,
तेरे एक इशारे पर बाबा,मैं तो तर जाऊंगा,
चरणों मे जगह दे दे वरना गोदी चढ़ जाऊंगा।

जग से मैं हारा श्याम श्याम,
कष्टो को मारा श्याम श्याम,
मेरी नईया डोले श्याम श्याम,
'पूजा' ये बोले श्याम श्याम,
तेरा साथ जो पाऊ तो बाबा सब कुछ पा जाऊंगा,
चरणों मे जगह दे दे वरना गोदी चढ़ जाऊंगा।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11916/title/jab-laal-tumhara-hu-to-aur-kaha-jaunga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |